भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 10/07/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima 10/07/2024
~~( सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

उपनिदेशक 10/07/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

हिन्दुस्तान (10-07-2024)

## पीलीभीत के पूरनपुर में बाढ़ से हालात बिगड़े, बिहार में कोसी-बागमती में फिर उफान

# यूपी में बाढ़ से घिरे सात लोगों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया

मौसम की मार

लखनऊ/ देहरादून/ पटना/ विशेष संवाददाता/हिन्दुस्तान ब्यूरो। लगातार हो रही बारिश की वजह से उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पीलीभीत में वायुसेना की मदद लेकर पूरनपुर तहसील में फंसे सभी सात लोगों को एयरलिफ्ट आपरेशन के जरिये सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पिछले 24 घंटों में डूबने से श्रावस्ती में दो और सीतापुर में तीन लोगों की मौत हुई जबकि लखीमपुर में डूबने से एक बच्ची समेत दो की मौत हो गई।

बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए राहत आयुक्त जी.एस.नवीन कुमार ने नेपाल सीमा पर एसडीआरएफ और पीएसी तैनात किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उधर, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी और पश्चिमी यूपी में भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**बदरीनाथ हाईवे बंद :** उत्तराखंड में बदरीनाथ नेशनल हाईवे मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे जोशीमठ नगर से कुछ पहले पहाड़ी टूटने से बंद हो गया। यहां पहाड़ी का लगभग 25 मीटर हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गया। सड़क बंद होने से बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब से लौट रहे दो हजार तीर्थयात्रियों को जोशीमठ में ही रोका गया है। वहीं जाने वाले यात्रियों को पीपलकोटी समेत अन्य सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया है। सड़क के बुधवार दोपहर तक खुलने की संभावना है।

**गंडक का जलस्तर घटा :** बिहार में कोसी, महानंदा, बागमती, गंडक और कमला बलान नदियों में आई बाढ़ की वजह से प्रभावित इलाकों की कई सड़कों पर पानी बह रहा है। कोसी नदी का जलस्तर मंगलवार की दोपहर से फिर बढ़ने लगा है। पश्चिम चंपारण में गंडक के जलस्तर में कमी आई है। मधुबनी के जयनगर में कमला और झंझारपुर में कमला बलान खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



पीलीभीत में बारिश के बाद जलमग्न सड़क के बीच से मंगलवार को गुजरते लोग। • प्रेट्र

### मुंबई में बारिश थमी पर स्कूल-कॉलेज अभी बंद

मुंबई। मुंबई में मंगलवार को बारिश थमने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर स्कूल-कॉलेज बंद हैं। मंगलवार को सुबह देश की आर्थिक राजधानी में बादल छाये रहे, लेकिन बारिश थम गई है। मुंबई की उपनगरीय रेल सेवाएं भी पटरी पर लौट आईं।

### असम में बाढ़ की स्थिति में हुआ मामूली सुधार

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

### काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 137 जानवरों की मौत

नगांव (असम)। असम में बाढ़ में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में छह गैंडों सहित 137 जंगली जानवरों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काजीरंगा नेशनल पार्क की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने कहा कि पार्क अधिकारी 99 जानवरों को बचाने में कामयाब रहे हैं, जिनमें दो गैंडे के बच्चे और दो हाथी के बच्चे शामिल हैं।

### हिमाचल प्रदेश में 42 सड़कें बाधित

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश होने से 42 सड़कें बंद हो गईं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानारी दी। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि शिमला में 18, मंडी में 17, कांगड़ा में तीन और किन्नौर और कुल्लू जिलों में दो-दो सड़कें बंद हैं। वहीं, गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) पर कम दृश्यता के कारण दोहा से गोवा आने वाली कतर एयरवेज की उड़ान को सोमवार आधी रात को बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गोवा के कई हिस्सों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश हुई।

THE HINDU (10-07-2024)

## To the brim



**Extent of devastation:** The view from the helicopter during an aerial survey of flooded areas by Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh in the rain-hit State on Tuesday. Heavy flooding has been reported in Haldwani, Banbasa, Tanakpur, Sitarganj, and Khatima. ANI